अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

यदि मेरे पास स्वास्थ्य बीमा न हो तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?

यदि आप मैसाचुसेट्स के निवासी हैं, तो आप MassHealth, Health Connector, या Health Safety Net जैसे सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त कर सकते हैं या अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बिलों का भुगतान करने के लिए मदद ले सकते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम के अलग-अलग नियम और रियायती आय सीमाएं हैं। आप 617-665-1000 पर हमारी आर्थिक सहायता टीम से भी संपर्क कर सकते हैं। यदि आप मैसाचुसेट्स के निवासी नहीं हैं, तो आप अपने लिए उपलब्ध विकल्प जानने के लिए 617-665-3200 पर हमारी ग्राहक सेवा टीम से संपर्क कर सकते हैं।

यदि मैं बीमा न ले पाऊँ तो क्या निःशुल्क देखभाल उपलब्ध है?

हाँ, यदि आप कुछ सरकारी आवश्यकताएं पूरी करते हैं तो निःशुल्क देखभाल उपलब्ध है। हमारे पास रियायती देखभाल विकल्प भी उपलब्ध हैं और हमारी आर्थिक सहायता टीम सेवाओं के लिए भुगतान करने में मदद के लिए Medical Hardship के लिए आवेदन करने में सहायता कर सकती है।

मैं **CHA** में सेवाओं के लिए खर्च के अनुमान के लिए कैसे अनुरोध कर सकता हूँ?

रोगी 617-665-3200 पर हमारी ग्राहक सेवा टीम से संपर्क करके खर्च के अनुमान के लिए अनुरोध कर सकते हैं। आप Mychart के जरिये भी अनुमान के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अनुरोध को सबमिट करने के बाद हमारी टीम 48 घंटे के भीतर एक अनुमान के साथ जवाब देगी।

मेरे पास बहुत सारा आउट ऑफ पॉकेट डिडक्टिबल है। यदि मैं अपने समूचे बिल का भुगतान न कर पाऊँ तो क्या होगा?

हाँ, यदि आपके पास बीमा न होने के कारण, या आपके स्वास्थ्य बीमा में आपकी देखभाल के कवर न होने के कारण मेडिकल बिल हैं, तो आप रियायत के पात्र हो सकते हैं। यदि आपके बिल सहभुगतान, सहबीमा या डिडक्टिबल्स के लिए नहीं हैं और आप अपने पहले बिल के पहले दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं या भुगतान योजना सेट अप करते हैं, तो हम आपके मेडिकल बिलों पर 25% की छूट देते हैं।

क्या मैं अपने बकाया बिल के लिए भुगतान योजना सेट अप कर सकता हूँ?

यदि आपका बिल बीमा सहभुगतानों, सहबीमा या डिडक्टिबल्स के लिए है, तो CHA अधिक समय में अपने बकाया बिल का भुगतान करने में आपकी मदद के लिए ब्याज-मुक्त भुगतान योजना की पेशकश करता है। कृपया 617-665-3200 पर हमारी ग्राहक सेवा टीम से संपर्क करें, या MyChart के जरिये किसी भुगतान योजना में नामांकन करें।

क्या मेरे कर्ज को क्रेडिट ब्यूरो को रिपोर्ट किया जा सकता है?

नहीं, Cambridge Health Alliance किसी भी क्रेडिट ब्यूरो को बकाया बिल रिपोर्ट नहीं करता है। जबकि अस्पताल किसी बाहरी कलेक्शन एजेंसी की सेवाएं ले सकता है, कलेक्शन एजेंसी CHA के हिस्से की तरह काम करती है और हमारे रोगियों के खिलाफ कोई भी असाधारण कार्रवाई नहीं करती है जैसे कि क्रेडिट ब्यूरो को बकाया बिल को रिपोर्ट करना, कानूनी कार्रवाई करना, वेतन पर ऋणानुबंध करना या रोगी की संपत्ति पर दावा करना।